राष्ट्रीय समाचार

सुरेश प्रभाकर प्रभु ने नागर विमानन मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार संभाला

- वाणिज्य और उद्योग मंत्री श्री सुरेश प्रभाकर प्रभु ने आज नागर विमानन मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार ग्रहण करते हुए कहा कि विमानन क्षेत्र भारतीय अर्थव्यवस्था के तेजी से बढ़ते क्षेत्रों में से एक है।
- इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मुक्त आकाश नीति से विमानन क्षेत्र में शानदार वृद्धि हो रही है और इस वृद्धि के लाभ रोजगार सृजन में बढ़ोतरी के रूप में देखा जाएगा।
- विमान संपर्क बढ़ने और सस्ता किराया के कारण छोटे शहरों के लोग कामकाज और छुट्टियों के लिए विमान यात्रा करने लगे हैं।

राष्ट्रीय समाचार

जालसाजी और प्रवर्तन एजेंसियों की भूमिका पर राष्ट्रीय सम्मेलन

- वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के औद्योगिक नीति और संवर्द्धन विभाग के तत्वावधान में बौद्धिक सम्पदा अधिकार संवर्द्धन और प्रबंधन प्रकोष्ठ यूरोपीय संघ के सहयोग से 13-14 मार्च, 2018 को नई दिल्ली में जालसाजी और प्रवर्तन एजेंसियों की भूमिका पर एक राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित कर रहा है।
- वाणिज्य और उद्योग मंत्री श्री सुरेश प्रभु डीआईपीपी सचिव श्री रमेश अभिषेक के उपस्थिति में इस दो दिवसीय सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे।
- जालसाजी के मामलों में तेजी से वृद्धि का विश्व भर में असर पड़ा है।

राष्ट्रीय समाचार

पुलिस अन्वेषण में उत्कृष्टता के लिए केंद्रीय गृह मंत्री पदक देने का प्रस्ताव

- सरकार ने देश में राज्य / संघ शासित प्रदेश पुलिस तथा केंद्रीय अन्वेषण एजेंसियों में अपराधों के अन्वेषण (जांच पड़ताल) के उच्च पेशेवर मानकों की प्रोन्नति हेतु 'पुलिस अन्वेषण में उत्कृष्टता हेतु केंद्रीय गृह मंत्री पदक ' की शुरूआत के प्रस्ताव का अनुमोदन किया है।
- पुलिस के उप-निरीक्षक से अधीक्षक तक के ओहदे के अधिकारी इसके पात्र होंगे।
- पिछले तीन वर्षों के औसत अपराध आंकड़ों के आधार पर प्रति वर्ष 162 पदक प्रदान किए जाएंगे, जिनमें से 137
पदक राज्यों / संघ शासित प्रदेशों तथा 25 केंद्रीय अन्वेषण एजेंसियों…. राष्ट्रीय अन्वेषण एजेंसी (एनआईए), केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) तथा मादक पदार्थ नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) के लिए होंगे।

तिमाही रोजगार सर्वेक्षण (जुलाई-सितम्बर, 2017)



राष्ट्रीय समाचार

- श्रम ब्यूरो अप्रैल 2016 से तिमाही रोजगार सर्वेक्षण (नई श्रेणियां) आयोजित करता आ रहा है जिसका उद्देश्य उत्तरोतर तिमाहियों के दौरान रोजगार की स्थिति में सापेक्ष परिवर्तन का अनुमान लगाना है जिसमें कि 8 बड़े क्षेत्रों यथा विनिर्माण, निर्माण, व्यापार, परिवहन, शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास तथा रेस्टोरेंट और आईटी/बीपीओ जैसे गैर-कृषि औद्योगिक अर्थव्यवस्था के बड़े हिस्से को शामिल किया जाता है।
- इस सर्वेक्षण में 10 या इससे अधिक संख्या में कर्मचारियों वाली स्थापनाओं को शामिल किया जाता है।
- छठीं आर्थिक गणना (छठीं ईसी) के अनुसार इन 8 क्षेत्रों में 10 या इससे अधिक कर्मियों वाले (संगठित क्षेत्र) की इकाईयों में कुल रोजगार के 81% व्यक्ति काम करते हैं।

पश्चिम बंगाल के लिए सड़क पुनर्निर्माण परियोजनाओं को स्वीकृति

राष्ट्रीय समाचार

- सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग जिले के बागडोगरा में घोषपुकुर और बिहार मोड़ के बीच एनएच-31 के 11.9 किलोमीटर लंबे खंड के पुनर्निर्माण एवं उन्नयन को मंजूरी दी है।
- इस सड़क को लगभग 254.30 करोड़ रुपये की लागत से ईपीसी मोड़ के तहत चार लेन में उन्नत किया जाएगा।
- यह परियोजना दो वर्षों में पूरी हो जाएगी।

ओडिशा के लिए सड़क सुदृढ़ीकरण परियोजनाओं को मंजूरी

राष्ट्रीय समाचार

- सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने ओडिशा राज्य में दो सड़क खंडों के पुनर्निर्माण और उन्नयन को मंजूरी दी है।
- 173/370 किलोमीटर से लेकर 229/400 किलोमीटर तक एनएच-59 के 53.79 किलोमीटर लंबे खंड को लगभग 214.23 करोड़ रुपये की लागत से ईपीसी मोड के तहत पक्की ढलान के साथ दो लेन में सुदृढ़ एवं चौड़ा किया जाएगा।

पंजाब के लिए सड़क पुर्नवास परियोजनाएं स्वीकृत

राष्ट्रीय समाचार

- सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने पंजाब में तीन सड़क मार्गों के पुर्नवास तथा उन्नयन को स्वीकृति प्रदान की है।
- माखु के बीच राष्ट्रीय राजमार्ग को ईपीसी मोड के अंतर्गत पक्की ढलान सहित उन्नयन कर दो लेन का बनाया जाएगा।

- इस खंड की लंबाई लगभग 24.60 कि.मी. है।
- इस परियोजना पर लगभग 130.313 करोड़ रूपये लागत आएगी।

राष्ट्रीय समाचार

केन्द्र ने महानदी जल विवाद न्यायाधिकरण गठित किया

- जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण मंत्रालय ने महानदी जल विवाद न्यायाधिकरण गठित करने के संबंध में आज एक अधिसूचना जारी की।
- न्यायाधिकरण का मुख्यालय दिल्ली में होगा और भारत के मुख्य न्यायाधीश द्वारा मनोनीत निम्नलिखित व्यक्ति इसके सदस्य होंगे:
- अध्यक्ष के रूप में उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति ए.एम. खानविलकर
- सदस्य के रूप में पटना उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति डॉ. रवि रंजन
- सदस्य के रूप में दिल्ली उच्च न्यायालय की न्यायाधीश न्यायमूर्ति इंदरमीत कौर कोचर

राष्ट्रीय समाचार

कमान क्षेत्र के विकास पर एक दिवसीय सम्मेलन

- कमान क्षेत्र के विकास पर एक दिवसीय सम्मेलन का आयोजन जल संसाधन, नदी विकास एवं गंगा संरक्षण मंत्रालय द्वारा 13 मार्च, 2018 को नई दिल्ली स्थित सीएसएमआरएस सभागार में किया जाएगा।
- इस सम्मेलन का उद्घाटन केंद्रीय जल संसाधन, नदी विकास एवं गंगा संरक्षण, सड़क परिवहन व राजमार्ग और शिपिंग मंत्री श्री नितिन गडकरी द्वारा मुख्य अतिथि के रूप में किया जाएगा।
- केंद्रीय जल संसाधन, नदी विकास एवं गंगा संरक्षण और संसदीय मामलों के राज्य मंत्री श्री अर्जुन राम मेघवाल इस अवसर पर सम्मानित अतिथि होंगे।

योजनाएं

प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान का शुभारंभ करेंगे

- प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी कल नई दिल्ली के विज्ञान भवन में टीबी उन्मूलन शिखर सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे।
- सम्मेलन का आयोजन संयुक्त रूप से स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) दक्षिण पूर्व एशिया क्षेत्रीय कार्यालय (एसईएआरओ) तथा स्टॉप टीबी पार्टनरशिप द्वारा किया जा रहा है।
- प्रधानमंत्री इस अवसर पर टीबी (तपेदिक) मुक्त भारत अभियान लांच करेंगे।
- टीबी मुक्त भारत अभियान टीबी उन्मूलन के लिए राष्ट्रीय रणनीतिक योजना (एनएसपी) की

गतिविधियों को मिशन मोड में आगे बढ़ाएगा।

जनवरी, 2018 में औद्योगिक विकास दर 7.5 फीसदी रही

अर्थव्यवस्था



- जनवरी, 2018 में औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) 132.3 अंक रहा, जो जनवरी, 2017 के मुकाबले 7.5 फीसदी ज्यादा है।
- जनवरी, 2018 में औद्योगिक विकास दर 7.5 फीसदी रही।
- इसी तरह अप्रैल-जनवरी, 2017-18 में औद्योगिक विकास दर पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि की तुलना में 4.1 फीसदी आंकी गई है।

वर्ष 2020 तक 4 मिलियन उपभोक्ता केवल डिजिटल सेवाओं का उपयोग करेंगे: रिपोर्ट

अर्थव्यवस्था

- देश में बढ़ रहे स्मार्टफोन के उपयोग एवं डिजिटल भागीदारी के चलते हाल ही में एक सर्वेक्षण सामने आया है.
- फिक्की एवं ईवाई द्वारा जारी इस सर्वेक्षण रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2020 तक केवल डिजिटल प्लेटफार्म पर निर्भर रहने वाले उपभोक्ताओं की संख्या 4 मिलियन से अधिक होगी.
- यह रिपोर्ट 'रीइमेजिनिंग इंडियाज़ एम एंड ई सेक्टर' के नाम से जारी की गयी है.
- इस रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया है कि वर्तमान समय में भारत में 1 से 1.5 मिलियन 'डिजिटल ओनली कंज्यूमर' मौजूद हैं.

नकली सामानों की ऑनलाइन बिक्री रोकने की व्यवस्था करेगी सरकार

अर्थव्यवस्था

- ई-कॉमर्स कंपनियों से खरीदारी करने वाले ग्राहकों को ठगी से बचाने के लिए सरकार तैयारी में जुट गई है।
- ऑनलाइन शॉपिंग करने वाले ग्राहकों को नकली सामान ना मिले, यह सुनिश्चित करने के लिए सरकार तंत्र विकसित कर रही है।

भारत को आस्ट्रेलिया तथा ओसीनिया कोटी में 'सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शक' का पुरस्कार प्रदान किया गया

पुरस्कार

Ms. Ashu Gupta (right) VP Supply Chain, Koye Pharmaceuticals Pvt. Ltd. handing over the award to Mr. Krishnamurthy Gopalakrishnan (left) from Kale Logistics Solutions

- मैसे, बर्लिन, जर्मनी में विश्व पर्यटन प्रदर्शनी 'इंटरनेशनल टूरिज्म बोर्स' (आईटीबी) 2018 में भारत को आस्ट्रेलिया तथा ओसीनिया कोटी में 'सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शक' का पुरस्कार प्रदान किया

गया।

● 7-10 मार्च, 2018 तक जर्मनी के बर्लिन में आयोजित आईटीबी में भाग लेने के पश्चात आज मीडिया वालों को संबोधित करते हुए पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री के. जे. अल्फांस ने आईटीबी 2018 में भारतीय पर्यटन की दो बड़ी उपलब्धियों की चर्चा की।

अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन शिखर सम्मेलन आयोजित

विज्ञान और तकनीक

● भारत में 11 मार्च 2018 को पहले अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (आईएसए) शिखर सम्मेलन आयोजित किया गया.

● यह शिखर सम्मेलन दिल्ली में आयोजित किया गया.

● दुनिया भर के 121 देश इसके सदस्य हैं और अब संयुक्त राष्ट्र से मान्यता मिलने के बाद संस्थान और मजबूत बना है.

ऐनालिटिक्स की बदौलत सालाना लगभग 130 अरब रुपये बना रहा टीसीएस

विज्ञान और तकनीक

● देश की सबसे बड़ी सॉफ्टवेयर कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज को ऐनालिटिक्स से सालाना लगभग130 अरब रुपये का रेवेन्यू मिल रहा है।

● कंपनी के सीईओ राजेश गोपीनाथन ने ईटी को दिए इंटरव्यू में बताया कि कंपनी के डिजिटल रेवेन्यू में ऐनालिटिक्स की सबसे बड़ी हिस्सेदारी है।

● टीसीएस को अपने कुल रेवेन्यू का 22 पर्सेंट से अधिक डिजिटल से मिलता है।